भेड़ बकरियों की तरह भरते सवारियां

खास बातें

- गंजबासौदा में ऑटो चालक ताक पर रख रहे नियम

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 31 दिसम्बर, ऑटो चालक कमाई के चक्कर में अपने वाहन में इस कदर सवारियां भरते हैं जिस तरह ट्रक में भेड़ बकरियों को भरा जाता है कई बार टूटी फूटी सड़कों पर वाहन हिचकोले लेकर चलते हैं तो यात्री नीचे जा गिरता है.कई बार महिलाएं बच्चे लहू लुहान हो चुके हैं.उसके बाद भी यातायात पुलिस कर्मी ध्यान नहीं देते. वह तो ट्रैकों पर नजर रखते हैं.वसूली के लिए उन्हें आम जनता की परेशानी और ऑटो चालक कितनी सवारी ले जा रहा है वाहन में ठूंसकर इससे कोई लेना देना नहीं रहता कुछ ऑटो चालक बाहर से आए हैं.उनकी जानकारी फोटो लाइसेंस देखना चाहिए. परंतु यह सब नहीं किया जाता लापरवाही की हद है.

जबकि ध्वनि विस्तारक यंत्र द्वारा प्रचार प्रसार कभी-कभार किया जाता है.बाहरी लोग अपनी पूरी जानकारी थाने में दर्ज कराई जावे परंतु इस बात को कोई गंभीरता से नहीं लेता कुछ लोग किराए पर चलवाते हैं.ऑटो वह भी ध्यान नहीं देते बाहरी लोग कोई घटना हो जाती है तो ऑटो छोड़कर भाग निकल जाते हैं उनकी कोई जानकारी पुलिस को नहीं होती नियम अनुसार इन सभी के फोटो रजिस्टर में नाम पते के साथ दर्ज होना चाहिए ऑटो रिक्शा पर नंबर दर्ज होना चाहिए. इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है वरिष्ठ अधिकारियों को इस और ध्यान देना चाहिए.इससे अपराधों में भी कमी आएगी और ऑटो चालक नियम अनुसार ही सवारियां भरेंगे.इसके साथ जहां अपराधी बड़ी संख्या में रहते हैं अपराध कर चुके हैं.उन बस्तियों के मकान मालिकों को हिदायत दी जावे जो किराएदार रखे जाते हैं. उनकी फोटो पूरी जानकारी थाने में भेजें.इससे बदमाशों के ठिकाने और जानकारी पुलिस के पास रहेगी.निश्चित रूप से अपराधों में कमी आएगी चोरियां भी कम होगी जनहित में इस और प्रशासन ध्यान दे और पालन करने कर्मचारियों को मुसतेद करे.

करेंगे कार्यवाही-पुलिस नगर निरीक्षक

पुलिस नगर निरीक्षक का कहना है कि हम इस बात से सहमत हैं.आगे ऑटो रिक्शा चालकों पर नजर रखी जाएगी और जहां अपराध अधिक घटित होते हैं और बदमाशों के ठिकाने हैं.वहां मकान मालिकों को पता ठिकाना पुलिस में दर्ज कराने हेतु कहा जाएगा.

प्रोटेक्शन कानून लागू करने की मांग, पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 31 दिसम्बर, प्रदेश में पत्रकारों के साथ लगातार हो रही हिंसा, दमन और पुलिसिया कार्रवाई की ओर आकर्षित करना चाहते हैं. हाल ही में जिला एवं प्रदेश में पत्रकारों पर हमले की घटनाएं हुई हैं.पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, किंतु मध्यप्रदेश में सच्ची और निर्भीक पत्रकारिता करना लगातार असुरक्षित होता जा रहा है.एक ओर पत्रकारों पर असामाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमले हो रहे हैं.वहीं दूसरी ओर पुलिस द्वारा ही पत्रकारों को प्रताड़ित किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है. प्रदेश में लंबे समय से पत्रकार प्रोटेक्शन कानून लंबित है. जिसकी अनुपस्थिति के कारण पत्रकार लगातार असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और ऐसी घटनाओं को बढ़ावा मिल रहा है.

मध्य प्रदेश में वर्षों से लंबित पत्रकार प्रोटेक्शन कानून को तत्काल लागू किया जाए, ताकि पत्रकार निर्भीक होकर जनहित की पत्रकारिता कर सकें. पत्रकारों में हमलों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए. प्रदेश में विभिन्न घटनाओं में निर्दोष पत्रकारों पर दर्ज किए प्रकरण तत्काल वापस लिए जाएं.प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश एवं प्रभावी सुरक्षा तंत्र लागू किया जाए। भविष्य में किसी भी पत्रकार के साथ इस प्रकार की घटना न हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासन को संवेदनशील एवं जवाबदेह बनाया जाए. यदि समय रहते इन गंभीर मामलों में ठोस एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो यह न केवल पत्रकारिता की स्वतंत्रता बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए भी घातक सिद्ध होगा.इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक पत्रकार बंधु शामिल रहें.

लटेरी में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ लटेरी ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

लटेरी नगर सिरोंज के वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद रघुवंशी पर हुए प्राणघातक हमले एवं उसके बाद बिना निष्पक्ष जांच के उन्हीं पर प्रकरण दर्ज किए जाने के विरोध में मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ, इकाई लटेरी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी लटेरी को ज्ञापन सौंपा.ज्ञापन में बताया गया कि गत रात्रि सिरोंज में मानसिंह रघुवंशी एवं उसके साथियों द्वारा हथियारों, डंडों, तलवार व फरसे से पत्रकार प्रमोद रघुवंशी पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए.वर्तमान में वे भोपाल के एक निजी अस्पताल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्षरत हैं.संघ ने आरोप लगाया कि श्री रघुवंशी द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के ठेकेदार मानसिंह रघुवंशी से जुड़े सरकारी ठेकों में अनियमितताओं को उजागर करते हुए समाचार प्रकाशित किए गए थे. इन्हीं समाचारों के बाद से आरोपी द्वारा पत्रकार को लगातार धमकियां दी जा रही थीं.घटना के दिन रात्रि करीब 10 बजे फोन कर श्री रघुवंशी को छतरी नाका बुलाया गया, जहां पहले से घात लगाए आरोपियों ने उन पर एकजुट होकर हमला कर दिया.संघ का कहना है कि इतने गंभीर हमले के बावजूद थाना सिरोंज पुलिस द्वारा पीड़ित पत्रकार पर ही गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर दिया गया, जो बिना जांच के की गई कार्रवाई प्रतीत होती है.मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ लटेरी ने इस कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए मांग की है कि पत्रकार प्रमोद रघुवंशी पर दर्ज प्रकरण की निष्पक्ष व विस्तृत पुन: जांच कराई जाए,घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई हो,पत्रकार पर दर्ज झूठा प्रकरण तत्काल समाप्त किया जाए,भविष्य में किसी भी पत्रकार के विरुद्ध बिना प्राथमिक जांच के प्रकरण दर्ज न किया जाए.संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र न्यायोचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन जिला एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन करने के लिए विवश होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी.

काया, धन और ज्ञान वह है जो देश के काम आये-तिवारी

सैण्ट एस .आर .एस . के शिविर में स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, व्यक्तिगत जीवन में दिनचर्या का बहुत महत्व है.आप सही दिनचर्या के अभ्यस्त हो जाएंगे ,तो जीवन का महत्व बढ जायेगा है.श्रम या दिनचर्या परिवर्तन ला सकती है.सातों सुखों का वर्णन करते हुए बताया कि काया, धन और ज्ञान वह है जो देश में रहते हुए देश के काम आए. हमारे आदर्श विवेकानंद, राम, लक्ष्मी बाई हैं.उन जैसा बनने लिये साधना करना होगी. हमारी संस्कृति में हर रिश्ते का नाम है.व्यक्ति या समाज संगठित रहेगा तो उन्नति करेंगे.यदि बंटे रहे तो कटेंगे. सभी शिक्षकों और हम सबका उद्देश्य चरित्र निर्माण है.तभी भारत माता की जय हो सकती है. समष्टि से दृष्टि चरित्र से सृष्टि होगी का निर्माण होगा.सुखी रहने के लिए निरोगी काया होना चाहिए, उस के लिए व्यायाम करना चाहिए.इस्पात जैसी काया के लिए अच्छा खान-पान, व्यायाम,और सूर्य नमस्कार करना चाहिए.

यह बात भाजपा के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय संस्कृति के उत्कृष्ट वक्ता राजेश तिवारी ने ग्राम हरदूखेड़ी के शासकीय स्कूल में आयोजित सैण्ट एस.आर.एस.पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के बौद्धिक सत्र के अवसर पर कही.योगाचार्य महेन्द्र सिंह रघुवंशी ने समय, निद्रा, स्वच्छता, संयम का पालन करने पर बल दिया. बुद्धि की प्रबलता के लिए गायत्री मंत्र का जाप करें, योग के आयाम और उनके परिणामों को समझाया.डॉ. विजय जैन ने जिंदगी में पांच पापों से बचने, भगवान महावीर के जियो और जीने दो के संदेश को जीवन में उतारने पर बल दिया. उन्होंने दृष्टांतों के माध्यम से शिक्षा का महत्व बताया.संस्था डायरेक्टर के.एस. यादव ने अतिथि परिचय के साथ उनके व्यक्तित्व से सभी स्वयंसेवकों को अवगत कराते हुए एन.एस.एस शिविर का महत्व बताया. युग निर्माण कैसे होगा, व्यक्ति के निर्माण से पर बल दिया.इस अवसर पर बालिका कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती रजनी गुप्ता ने शिविर भूमिका रखी. एन.एस.एस. प्रभारी कृष्णपाल सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया.बौद्धिक सत्र में शिक्षक शिखा दांगी, कुलदीप रघुवंशी, सत्यम बबेले, कुंती राव, संगीत शिक्षक शंभु गिरि गोस्वामी, दिनकर कद्रे कपिल गौड,आदि मौजूद रहे.

एक नजर में

निकली भव्य श्रीराम बारात

नवभारत न्यूज

अटारीखेजड़ा, अटारी खैजड़ा में चल रही रामलीला में आज श्री राम विबाह का मंचन किया गया. श्री राम बारात श्री हनुमान चौक से प्रारंभ होकर ग्राम के मुख्य मार्गों से गुजरी जगह जगह बारात का भव्य स्वागत किया है.बारात पर पुष्प वर्षा की गई मुख्य मार्गों से होते हुए बारात रामलीला मैदान पहुंचे.जहां पर रामलीला समिति ने भव्य बारात कि अगवानी की गई सीताराम विबाह सम्पन्न हुआ.बारात देखने बड़ी संख्या में आस पास के ग्रामीण जन बारात में शामिल हुए.

आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं पर आवेदन आमंत्रित

नवभारत न्यूज

विदिशा, महिला एवं बाल विकास विभाग, मध्यप्रदेश अन्तर्गत जिलों की बाल विकास परियोजनाओं में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं एवं आंगनवाडी सहायिकाओं के पूर्णत: अस्थाई एवं मानदेय आधारित, मानसेवी रिक्त पद हेतु पात्र महिलाओं से जिलेवार रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एमपी ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल के माध्यम से आवेदन चाहे गये हैं.यह आवेदन पत्र 31 दिसंबर 2025 से प्रारंभ हो गये हैं तथा आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 10 जनवरी 2026 नियत की गई है.आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 12 जनवरी 2026 रहेगी. विदिशा जिले में आंगनवाडी कार्यकर्ताओं के 56 एवं सहायिकाओ के 119 रिक्त पद है.

नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक आज दुर्गा नगर में

आपके जीवन को सुरक्षित रखने का उद्देश्य लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाने देहदानी विकास पचौरी विदिशा के घर-घर जाकर सभी का नि:शुल्क ब्लड ग्रुप चेक करबा रहे हैं। आपके घर के पास सेवा वाहन आने पर कृपया सभी उम्र के बच्चे, भाई-बहन एवं बुजुर्ग अपने ब्लड ग्रुप की जाँच कराकर परिचय कार्ड बनवाकर अपने भारत देश का नाम विश्व में रौशन करने में योगदान दें।

रामलीला में सीताहरण व जटायु उद्धार लीला का हुआ मंचन

नवभारत न्यूज

सांची,सांची रामलीला मैदान में चल रही रामलीला की श्रृंखला में आज सीताहरण एवं जटायु उद्धार लीला का अत्यंत भावनात्मक मंचन किया गया. मंचन के दौरान जैसे ही भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजे, पूरा रामलीला मैदान भक्तिरस में डूब गया.तेज ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी. महिला, पुरुष एवं बच्चे बड़ी संख्या में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचकर रामलीला का आनंद लेते नजर आए. सीताहरण प्रसंग और जटायु के बलिदान दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया.श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति के संगम के रूप में सांची की रामलीला जनमानस को निरंतर भावनात्मक रूप से जोड़ रही है.

थाना परिसर में चला निरंतर स्वच्छता अभियान

थाना प्रभारी की पहल से परिसर हुआ स्वच्छ व सुव्यवस्थित

नवभारत न्यूज

सांची,थाना परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से सांची थाने में निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. थाना प्रभारी जे.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में थाने को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और आकर्षक बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं.

अभियान के तहत जप्त वाहनों को तरतीबवार रखा गया है, वहीं थाना परिसर का डामरीकरण कर मुख्य द्वार को भी सुंदर रूप दिया गया है. स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के इन प्रयासों से थाना परिसर अब ऐतिहासिक सांची के अनुरूप स्वच्छ व सुंदर दिखाई दे रहा है.उल्लेखनीय है कि थाना परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर परिषद द्वारा थाने को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया जा चुका है.सांची थाना परिसर में स्वच्छता और व्यवस्था की यह पहल अन्य शासकीय कार्यालयों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन रही है.

लगातार 11वे वर्ष में मां नर्मदा पदयात्रा 8 जनवरी को करेगी प्रस्थान

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, 11 बर्ष से हर बर्ष चल रही पैदल यात्रा मा नर्मदा के लिए 08 जनबरी को गंज बासौदा से प्रस्थान करेगी.इस सम्बंध मे श्री नौलखी मंदिर पर समिति और श्रदालुओ की बैठक आयोजित की गयी बैठक को सम्बोधित करते हुए नर्मदा पदयात्रा के मुख्य सूत्रधार और आयोजक पंडित प्रमेहानंद जी शास्त्री प्रवेश ने कहा कि यह यात्रा लगातार 11वे वर्ष प्रति बर्ष चल रही है.

इस पदयात्रा मे प्रतिबर्ष शामिल होने बाले श्रदालुओ की मनोकामना मां नर्मदा पूर्ण करती है बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने रामगोपाल जी साकंलखेडा बालो को मुख्य यजवान बनाया है जिनका बैठक मे उपस्थित सभी सदस्यो ने हार मालाओ से स्वागत किया.पं प्रमेहानंद शास्त्री ने बताया है कि इस वर्ष यह यात्रा 8 जनवरी को गंज बासौदा से प्रारंभ होकर बैरखेडी खर्राघाट बुदनी के लिए प्रस्थान करेगी जो 9 जनबरी को विदिशा 10 जनवरी को रायसैन 11 को बरबतपुर 12को कुमेडी 13जनबरी को बुदनी खररघाट पहुचेंगी 15 जनबरी को बिशाल भंडारा एबं चुनरी यात्रा यात्रा मां नर्मदा जी की रहेगी.बैठक मे मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रामकरण सिंह, रमेश रघुवंशी, रामसिंह, पप्पूसिंह, खुमानसिंह, मालम सिंह, मालमसिंह, बैजनाथ सिंह, रघुवीरसिंह, सनमान सिंह, लालसाहब, पर्बतसिंह, काशीराम आदि उपस्थित थे.

नगतरा में जिंदबाबा टोरिया पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा

नवभारत न्यूज

नटेरन,जनपद पंचायत नटेरन अंतर्गत ग्राम नगतरा स्थित श्री जिंदबाबा 51 गादी दरबार टोरिया में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में शमशाबाद विधायक श्री सूर्यप्रकाश मीणा ने सहभागिता कर धर्म लाभ अर्जित किया. विधायक श्री मीणा ने कथा व्यास पूज्या विष्णु प्रिया जी (श्री वृन्दावन धाम) से आशीर्वाद भी प्राप्त किया.

कथा के दौरान विधायक श्री मीणा ने कलियुग की शुरुआत और उसके प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की. उन्होंने कहा कि शराब व नशे में भी कलियुग का वास है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है और समाज को पतन की ओर ले जाता है.इस अवसर पर विधायक श्री मीणा ने कथा आयोजन हेतु 5100 रुपए, प्रतिवर्ष सहयोग देने तथा कीर्तन मंडली के लिए 25 हजार रुपए देने की घोषणा की.साथ ही टोरिया पर विधायक के सहयोग से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया गया.कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि यशपाल रघुवंशी एवं ग्राम सरपंच प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. यशपाल रघुवंशी ने कहा कि टोरिया पर हुए विकास कार्य विधायक श्री मीणा के सहयोग से ही संभव हो पाए हैं.इस अवसर पर वरिष्ठ नेता लक्ष्मी नारायण तिवारी, हुकम सिंह रघुवंशी , मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह, भागीरथ सिंह, दातार सिंह, दिनेश श्रीवास्तव, भुरा चौधरी, राजकुमार राजपूत, सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता एवं सैकड़ों की संख्या में धर्मप्रेमी महिला-पुरुष उपस्थित रहे.

तीर्थ यात्री सोमनाथ सहित कई तीर्थ स्थलों पर रवाना

नवभारत न्यूज

पठारी, नगर के व्यवसाई करोड़ी लाल साहू, श्रीमती बबीता साहू, शिक्षक निरंजन सिंह कुशवाह सहित अनेक श्रद्धालु आज जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस से तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए. वह सोमनाथ, द्वारिका धीस सहित अनेक तीर्थ स्थलों पर दर्शनों के लिए रवाना हुए. उनके तीर्थ यात्रा पर जाने पर नगर के समाजसेवियों ने पुष्प माला पहनाकर रवाना किया.उनके स्वागत करने वालों में जैन समाज के अध्यक्ष राकेश सिंघई, अरुण सहेले, जसवंत सिंह यादव, आशीष सहेले,नेतराम साहू, नयन सोनी, अमित सोनी, जितेंद्र साहू, शशांक साहू आदि ने स्वागत किया.

पुरानी पेंशन बहाली का किया शंखनाद, दो को भोपाल में आंदोलन

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, जिला आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शंखनाद किया. बैठक में 2 जनवरी को भोपाल पहुंचने का आह्वान किया.शिक्षकों को अपने साथी शिक्षकों को भोपाल ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई.जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन गंज बासौदा के निजी गार्डन में किया गया. जिसमें आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भरत पटेल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना, अनुकंपा नियुक्ति, ई अटेंडेंस हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। 2 जनवरी को भोपाल टीटी नगर के अंबेडकर पार्क में आयोजित किया जाएगा. विदिशा जिले से हजारों शिक्षक को शामिल करने की जिम्मेदारी दी गई.जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी ने बताया कि विदिशा जिले के सभी विकासखंड, तहसील और संकुल केंद्र स्तर पर बैठक आयोजित की गई है. जिसमें भोपाल के आंदोलन को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई है.

पठारी के शिक्षक भी होंगे शामिल

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने तहसील स्तरीय बैठक का आयोजन किया. जिसमें 2 जनवरी को भोपाल में आयोजित होने वाले आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई1जिसमें अधिक से अधिक शिक्षकों की शामिल होने की अपील की है। इस आंदोलन में ओल्ड पेंशन जैसे महत्वपूर्ण बिंदु शामिल किए गए हैं.आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के संभाग उपाध्यक्ष रविकांत रिछारिया ने बताया कि आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत पटेल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा, प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना, अनुकंपा नियुक्ति, ई अटेंडेंस हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें तहसील के कई शिक्षक शामिल हुए.

आयोजन भक्ति में डूबा शमशाबाद, श्याम संकीर्तन परिवार ने मनाया चतुर्थ वार्षिकोत्सव

बाबा श्याम के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, हुयी भव्य भजन संध्या

नवभारत न्यूज

शमशाबाद, श्याम संकीर्तन परिवार के चतुर्थ वार्षिकोत्सव के अवसर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया. संकीर्तन में बाबा खाटू श्याम का अलौकिक दरबार खुशबूदार फूलों से सजाया गया, साथ ही इत्र वर्षा कर माहौल को भक्तिमय बना दिया गया. सफेद दूधिया मन मोह लिया.

रोशनी में सजे बाबा श्याम के दिव्य स्वरूप ने श्रद्धालुओं का

संकीर्तन के दौरान दिव्य ज्योति प्रज्वलित की गई तथा बाबा को छप्पन भोग अर्पित किए गए. कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना एवं अखंड ज्योत में हाजिरी के साथ हुई. देर रात तक भक्त बाबा श्याम के भजनों पर झूमते नजर आए.भजन संध्या में भजन गायिका गुनगुन गुंजन तिवारी (सिस्टर शाहगंज), अजय विश्वकर्मा एवं सागर राव (गुना) ने खाटू श्याम, बाबा रामदेव एवं शंकर भगवान के एक से बढ़कर एक भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति देकर समां बांध दिया.समापन से पूर्व बाबा श्याम की महाआरती की गई तथा छप्पन प्रसादी भोग का वितरण श्रद्धालुओं में किया गया.इस अवसर पर बाबा श्याम की चरण सेवा लख्मीचंद बंसल, गिरधर गोपाल बंसल,आशीष बंसल परिवार द्वारा की गई.